तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 5 नवंबर 2025



12 राज्योत्सव केवल उत्सव नहीं, बल्कि जनहितकारी..





11 खरीदी केंद्रों में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या...






## खबर संक्षेप

### ट्रक कंटेनर से डीजल चोरी, अपराध दर्ज

**महासमुंद।** ट्रक कंटेनर से डीजल चोरी के मामले में रिपोर्ट पर पटेवा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी अशोक राय निवासी ग्राम करिंगाकोठी थाना मुफासिल जिला छपरा (बिहार) ने बताया कि वह ट्रक कंटेनर क्रमांक डब्लूबी 29 ई 0541 में अंकलेश्वर गुजरात से सामान लोड कर कोलकाता जा रहा था। 3 नवंबर की रात करीबन 2.30 बजे एनएच 53 रोड ढांक टोल प्लाजा के पास पहुंचा था और नींद आने से ट्रक को रोड किनारे खड़ी कर उसमें सो गया था। सुबह करीबन 6 बजे उठकर देखा तो ट्रक कंटेनर की टंकी का ढक्कन खुला हुआ था, टंकी में डीजल नहीं था। ट्रक कंटेनर की टंकी से लगभग 200 लीटर डीजल कीमत करीबन 20,000 रुपए को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिए। मामले में रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बोलेरो की ट्रैक्टर से टक्कर

**महासमुंद।** बोलेरो की ट्रैक्टर से टक्कर के चलते दो लोगों को चोटें आई हैं। पिथौरा पुलिस को फागेश्वर साहू निवासी ग्राम घोंच ने बताया कि वह गांव के माधुरी दीवान की बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 06 जीजेड 2594 का ड्राइवर है। 13 अक्टूबर को वह माधुरी दीवान को वाहन में लेकर बसना गया था। बसना से वापस ग्राम घोंच आते समय करीबन 6.30 बजे ग्राम मेमरा राजू ढाबा के पास आइशर ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 ई 5525 को उसके चालक ने बिना संकेत एवं लापरवाहीपूर्वक रोड में खड़ी किया था, जिससे एक्सीडेंट हो गया। एक्सीडेंट से प्रार्थी के सिर में चोट लगी है एवं कार के पीछे बैठे माधुरी दीवान के नाक, माथा में चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 285 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ट्रक की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद।** ग्राम डुडुमचुंवा में ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को नीलांबर राठिया ग्राम डुडुमचुंवा ने बताया कि 3 नवंबर की शाम लगभग 04-05 बजे टीकाराम राठिया रोड की ओर जा रहा था, तभी पीछ से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 06 जी एल 8670 के चालक ने अपने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे टीकाराम राठिया की मौके पर मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# पुलिस सुरक्षा के साथ भूमि पर कब्जा दिलाने महिला ने गुहार लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पिथौरा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम जगदीशपुर की एक महिला किसान सरिता पति पुनीत ने अपनी कृषि भूमि पर से अवैध कब्जा हटाने के लिए नायब तहसीलदार के कानूनी आदेश के बावजूद पूरा कब्जा न मिलने और जान-माल के खतरे की शिकायत करते हुए उच्च अधिकारियों से पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई की मांग की है।

सरिता पति पुनीत ने प्रशासन को सौंपे अपने आवेदन पत्र में बताया है कि उनके नाम से ग्राम साल्हेतराई और खुर्शीपहार, रा.नि.मं. देवरी, तहसील पिथौरा, जिला महासमुंद में एकल खाते में कृषि भूमि दर्ज है।

इस भूमि पर लंबे समय से अवैध कब्जा था, जिसके खिलाफ उन्होंने कानूनी लड़ाई लड़ी। इस कानूनी प्रक्रिया के फलस्वरूप, न्यायालय नायब तहसीलदार पिथौरा द्वारा धारा 250 के अंतर्गत अवैध कब्जा हटाने का आदेश पारित किया गया था। यह आदेश कानूनी रूप से सरिता के पक्ष में आया, जिससे उन्हें अपनी पैतृक या अर्जित संपत्ति का हक मिलना सुनिश्चित हुआ।

## कानूनी आदेश के बावजूद भूमि पर कब्जा नहीं मिलने से परेशान

### आदेश के बाद भी कार्रवाई अधूरी

सरिता के अनुसार, नायब तहसीलदार के आदेश के अनुपालन में, 15 अक्टूबर को राजस्व निरीक्षक और पटवारी द्वारा मौके पर कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई थी। हालांकि, यह कार्रवाई अधूरी रह गई। सरिता ने अपने आवेदन में स्पष्ट किया है कि मौके पर पूरा कब्जा नहीं हटाया गया है। आधा कब्जा ही हटाया गया है। उनका कहना है कि संपूर्ण भूमि उनके कानूनी हक की है, लेकिन प्रशासनिक अमले की मौजूदगी के बावजूद, उन्हें उनकी पूरी संपति का कब्जा नहीं मिल पाया।



### जान-माल का खतरा और दबंगों की धमकी

सरिता ने अपने आवेदन में कोटवार जयमल कुलदीप और सरपंच कमल प्रधान पर कार्रवाई में व्यवधान डालने का सीधा आरोप लगाया है। आवेदन के अनुसार, उन्हें ये कहकर धमकी दी जा रही है कि वे उन्हें गला दबाकर बांध फेंक देंगे। इसके अतिरिक्त, सरिता ने फिरन, सतकुमारी, वरूण, गोपी, अशोक, आदम कुमार, सतकुमार, कौशिल्या और प्रशांत राउत सहित कई अन्य व्यक्तियों का नाम लेते हुए बताया है कि सब मिलकर मुझे मारने की धमकी देते हैं।

**शिकायत:** ग्रामीणों ने सरपंच और मेट पर लगे गंभीर आरोप

# कुसमी पंचायत में मनरेगा के नाम पर लाखों का फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) जो ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की रीढ़ है, उसी में जिले के बागबाहरा विकासखंड की ग्राम पंचायत कुसमी में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर को जनदर्शन कार्यक्रम में दिए गए शिकायती आवेदन ने इस फर्जीवाड़े की पोल खोल दी है। शिकायत में पूर्व सरपंच और एक मेट पर फर्जी मजदूरों के नाम पर लाखों रुपये आहरित करने और योग्य बेरोजगारों को नज़रअंदाज़ करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। शिकायत के अनुसार, ग्राम पंचायत कुसमी के मनरेगा कार्यों में पूर्व सरपंच केशवराम साहनी और मेट बालाराम पटेल ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए सरकारी खजाने को क्षति पहुंचाई पूर्व सरपंच केशवराम साहनी पर आरोप है कि उन्होंने मस्टर रोल में अपनी पत्नी, पुत्र, पुत्रवधू और बहन समेत परिवार के कई सदस्यों के नाम डालकर फर्जी तरीके से राशि निकाली है। चौंकाने वाली बात यह है कि उनकी पुत्रवधू (बहू) डाली साहनी का नाम मेट के रूप में भी दर्शाया गया है। मेट बालाराम पटेल पर आरोप है कि इसी तरह, मेट बालाराम पटेल ने भी अपनी पत्नी, पुत्र, पुत्रवधू और एक अन्य पुत्र का नाम मनरेगा के मस्टर रोल में अंकित करवाकर फर्जी भुगतान प्राप्त किया है। ग्रामीणों का दावा है कि ये सभी नाम या तो फर्जी हैं या इन लोगों ने वास्तव में कार्य नहीं किया है।



### बेरोज़गारों को नज़रअंदाज़ कर करीबियों को लाभ

शिकायती पत्र में बताया गया है कि ग्राम पंचायत में मेट के रूप में कार्य करने के इच्छुक कई बेरोजगार युवकों को जानबूझकर नजरअंदाज किया गया। इसके विपरीत, सरपंच और मेट ने अपने करीबी माने जाने वाले कुछ लोगों को भारी आर्थिक लाभ पहुंचाया। केवल फीता नापकर भारी-भरकम मजदूरी दिया गया हैं। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, ग्राम पटेल भूपतसिंह दीवान, रतनलाल पटेल, पंच सुंदरलाल पटेल, राधेश्याम पटेल जैसे कुछ करीबी लोगों को केवल फीता नाप जैसे मामूली काम के बदले में लगभग 35-36 हफ्तों की दैनिक मजदूरी देकर बड़ा आर्थिक लाभ पहुँचाया गया।

### कलेक्टर से उचित कार्रवाई की मांग

आवेदकों ने कलेक्टर से अपील की है कि वे इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च-स्तरीय जांच कराएं। उनकी मुख्य मांग है कि मस्टर रोल में फर्जी मजदूरों के नाम डालकर राशि आहरण करने वाले पूर्व सरपंच और मेट समेत सभी दोषियों पर उचित एवं कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि मनरेगा जैसे महत्वपूर्ण योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके और गरीब तथा बेरोज़गारों का हक़ मारा न जा सके। राजू सिंह ठाकुर, मोहनलाल, गणेशु, तुकेराम, डुमरलाल, राजकुमार एवं ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल एक पंचायत का मामला नहीं है, बल्कि यह दर्शाता है कि ग्रामीण विकास की योजनाओं में किस तरह से पैसे का बंदरबांट किया जा रहा है।

# कुएं में बच्चों समेत गिरे तीन हाथियों को निकाला सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

खेत के एक कुंआ में बीती रात बच्चों समेत गिरे तीन हाथियों के दल को रेस्क्यू कर वन विभाग की टीम ने सुरक्षित निकाल लिया। इसके पहले तीनों हाथी गिरने बाद से कुंए अंदर पानी में इधर-उधर बाहर निकले असफल प्रयास करते देखा गया।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर घटना स्थल कुंए के पास पहुंची और कुंए में फंसे हाथियों को सकुशल बाहर निकालने आवश्यक संसाधन जुटाकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। करीब ढाई घंटे के रेस्क्यू पश्चात वन विभाग की टीम को यह कामयाबी मिली। इस घटना की कई तस्वीरें व वीडियोज भी सोशल मीडिया में वायरल हुए। जानकारी मिलते ही लोगों की हुजूम भी कुंए में फंसे हाथियों को देखने उमड़ पड़ी। जिसे सुरक्षित रेस्क्यू आपरेशन के लिए रोकने विभाग को कड़ी मशक्कत भी करनी पड़ी।

बारनवापारा अभ्यारण्य अंतर्गत ग्राम हरदी के किसान टिकनेश ध्रुव के खेत के कुंए में एक मादा, एक बच्चा व एक नर जुवेनाइल हाथी समूह रात्रि में गिर गए थे। सूचना पाकर सुबह पहुंची विभागीय टीम त्वरित व समन्वित कार्रवाई की। वन विभाग द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए रैंप तैयार किया गया। जिसके माध्यम से तीनों हाथियों को सावधानीपूर्वक निकाला गया। रेस्क्यू आपरेशन के उपरांत सभी हाथियों को सुरक्षित रूप से निकटस्थ वनक्षेत्र समूह के पास पहुंचाया गया। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि सभी हाथी पूरी तरह से स्वस्थ व कोई किसी प्रकार की इन्हें चोट नहीं आई है। इस मौके पर मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी सतोविषा समाजदार ने भी घटनास्थल पहुंच कर रेस्क्यू की पूरी प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उन्होंने त्वरित कार्रवाई और उत्कृष्ट समन्वय के लिए विभागीय टीम की सराहना की। बलौदाबाजार वन मंडलाधिकारी धम्मशील गणवीर की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में रेस्क्यू आपरेशन पूरा किया गया। बारनवापारा अभ्यारण्य अधीक्षक कृषाणु चंद्राकर के नेतृत्व संचालित यह ऑपरेशन सफल हुआ। इस अभियान को सफल बनाने में वन परिक्षेत्र अधिकारी गोपाल वर्मा, कोठारी परिक्षेत्र अधिकारी जीवन लाल साहू, बल्दाकछार परिक्षेत्र अधिकारी गीतेश बंजारे, प्रशिक्षु वनक्षेत्र पाल राहुल उपाध्याय, अतुल तिवारी, दीक्षा पांडेय सहित कोठारी और बार परिक्षेत्र के समस्त स्टाफ, वनकर्मी, फील्ड स्टाफ एवं स्थानीय ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वन मंडलाधिकारी ने कहा कि वन विभाग का दायित्व केवल वन्यजीवों की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक जीवन को सुरक्षित बचाना हमारी प्राथमिकता है। हरदी गांव का यह रेस्क्यू आपरेशन विभाग की त्वरित प्रतिक्रिया, सामूहिक समर्पण और फील्ड टीम की दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण है। वन अधीक्षक कृषाणु चंद्राकर ने कहा कि अभ्यारण्य अंतर्गत चिन्हित 105 को कुंओं को पाटने के लिए स्वीकृति मिली है। सर्वे में 45 के करीब और जानकारी है। उन्होंने एक घायल को पिथौरा भेजने की बात कही है। साथ ही फसल हानि व कृषि संयत्र क्षति के सर्वे कर प्रकरण बनाया जाएगा, जिसका आश्वासन सीसीएफ ने मौके पर ग्रामीणों दिया है।



# नयापारा के सूने मकान में नगदी और लाखों के आभूषणों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 में बीती रात एक और बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। इस बार चोरों ने उस घर को निशाना बनाया, जहां के सदस्य एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा के चलते रात एक बजे अस्पताल लेकर गए थे।

मिली जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 6 निवासी असलम रज़ा के घर में गर्भवती बहू को रात्रि लगभग 1 बजे प्रसव पीड़ा हुई, ऐसे में परिवार के तीनों सदस्य महिला को लेकर अस्पताल चले गए और घर पूरी तरह खाली रह गया। सुबह जब पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदार ने देखा कि घर का दरवाजा टूटा हुआ है। तब उन्होंने इसकी सूचना असलम रज़ा को दी। जब असलम रज़ा घर पहुंचे, तो आलमारी टूटी हुई थी और सामान बिखरा पड़ा था। घर की अलमारी में रखे करीब साढ़े 5 लाख रुपये नगद और 15 से 20 लाख रुपये के सोने-चांदी के गहने चोरी हो गए थे। पुलिस ने जांच शुरू की और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस ने आस-पास के सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं को लेकर स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि पुलिस गश्त सिर्फ कागज़ों में ही सीमित है, जबकि चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। इस बड़ी चोरी की वारदात को देखते हुए वार्ड नंबर 6 के निवासियों ने पुलिस को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने अपने मोहल्ले के चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और रात्रि पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।



# प्रधानमंत्री आवास योजना में फर्जीवाड़ा का संदेह, लक्ष्मीपुर किशनपुर और अठारहगुडी में भौतिक सत्यापन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ पुराने या कच्चे मकानों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कर दिया टैग

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को पक्का मकान मुहैया कराने की महत्वाकांक्षी योजना एक बार फिर गंभीर अनियमितताओं के घेरे में आ गई है। नवीनतम मामला ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर, किशनपुर और अठारहगुडी से सामने आया है, जहां वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के दौरान स्वीकृत आवासों में व्यापक फर्जीवाड़ा होने का संदेह है। स्थानीय प्रशासन से इन सभी स्वीकृत मकानों का तत्काल भौतिक सत्यापन और मामले की कड़ी जाँच कराने की मांग की गई है। श्रवण कुमार के शिकायत के अनुसार, तीनों ग्राम पंचायतों में स्वीकृत कई आवासों में बिना नया मकान बनाए ही पुराने या कच्चे मकानों को योजना के तहत टैग कर दिया गया है। इससे यह प्रतीत होता है कि पात्र लाभार्थी को नया पक्का घर बनाने के लिए आवंटित धनराशि का या तो दुरुपयोग हुआ है या फिर अपात्र लोगों ने गलत तरीके से योजना का लाभ उठाया है। मामले की गंभीरता तब और बढ़ जाती है जब यह पता चलता है कि कई मामलों में कथित लाभार्थियों को द्वितीय और तृतीय किस्त की राशि भी जारी कर दी गई है। नियमानुसार, ये किस्तें आवास निर्माण के विभिन्न चरणों, जैसे नींव, छत आदि के पूरा होने और उसके टैग सत्यापन के बाद ही जारी की जानी चाहिए। शिकायत में आवास मित्र और आवास अधिकारी की मिलीभगत की आशंका जताई गई है, जिन्होंने कथित तौर पर बिना निर्माण हुए ही धनराशि जारी करने की प्रक्रिया को अंजाम दिया है। शिकायतकर्ताओं ने स्पष्ट रूप से मांग की है कि लक्ष्मीपुर, किशनपुर और अठारहगुडी में 2022-23 से 2024-25 के बीच स्वीकृत प्रत्येक आवास का भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए। इस सत्यापन में यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि धनराशि का उपयोग वास्तव में नया पक्का मकान बनाने में हुआ है या नहीं।

### जांच से सामने आ सकती है बड़ी गड़बड़ी

यह अकेला मामला नहीं है। कई हिस्सों से प्रधानमंत्री आवास योजना में फर्जीवाड़े की खबरें लगातार आती रही हैं, जहां अपात्र लोगों को लाभ मिला है या अधिकारियों की मिलीभगत से कागजों पर मकान बनाकर राशि का गबन किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ केवल वास्तविक जरूरतमंदों को मिलना चाहिए, न कि बिचौलियों और भ्रष्ट तत्वों की जेब भरने का जरिया बनना चाहिए।

## लोहिया चौक में हड़ताल के दूसरे दिन करीब 1500 कर्मचारी जुटे

# धान खरीदी से पहले जवाबदेही स्पष्ट करें सरकार!



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समर्थन मूल्य धान खरीदी प्रारंभ होने से पहले ही सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारी सहायक प्रबंधक, सेल्समैन लिपिक, चपरासी, चौकीदार एवं डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दीं है। यदि कर्मचारियों कि हड़ताल पर शीघ्र कोई निर्णय नहीं लिया जाता है तो एक बार फिर धान खरीदी को ग्रहण लग सकता है।

छतीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ महासमुंद के नेता जयप्रकाश साहू, भोज राम साहू, गुमान साहू, मनीष चंद्राकर भेखलाल यादव, कौशल साहू, माखन सिन्हा, मनोज भारद्वाज, नोमेंद्र साहू ने बताया कि खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी की तिथि 15 नवंबर तय है, लेकिन सरकार द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार सरकारी अधिकारी को खरीदी केंद्रों में प्रभारी बनाने की बात कही जा रही है, जो न्यायोचित नहीं है। जिसे लेकर संघ में असंतोष व्याप्त है। संघ का मानना है कि सरकार धान खरीदी के लिए स्पष्ट जवाबदारी तय करें, जिससे पता चले कि धान खरीद के दौरान आने वाले समस्याओं के लिए जवाबदेही कौन होगा। धान खरीदी की शुरुआती समय से लेकर अंतिम धान उठाव तक का जिम्मेदारी कौन लेगा है समिति के लिए प्रश्नचिन्ह है? छतीसगढ़ सहकारी समिति प्रदेश महासंघ के बैनर तले हड़ताल के दूसरे दिन भी हड़ताल स्थल पर महासमुंद, धमतरी, बलौदाबाजार, रायपुर, गरियाबंद के सहकारी कर्मियों ने आवाज बुलंद किये। देवभोग गरियाबंद से आए करीब 50 सहकारी कर्मियों ने यही रात्रि विश्राम किया।

### आउटसोर्सिंग से बंद हो डाटा एंट्री ऑपरेटरों की भर्ती

हालांकि आउट सोर्सिंग से होने वाले भर्ती पर विराम लग गया है। लेकिन, संघ की मांग है कि प्रदेश के डाटा एंट्री ऑपरेटरों को विभागीय नियमतिकरण किया जाए। जबकि, सरकार ने इसके उल्टा समितियों को डाटा एंट्री ऑपरेटर की नियोजन का अधिकार देते हुए छः माह के लिए नियोजन करने की बात कहीं है। छः माह पश्चात आने वाला व्यय भार समिति अपने से वहन करेगी।

# चोरी के शक में लाठी-डंडे से मारपीट कर हत्या, तीन को सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मोबाईल और पैसा चोरी के शक में

■ आरोपियों पर दो-दो हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया

लाठी-डंडे से मारपीट करने के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया ने तीन आरोपियों सांकरा थाना के अंतर्गत 60 वर्षीय अलेख विशाल उर्फ बाबा पिता नारद विशाल सांकरा तथा सांकरा में ही अस्थाई रूप से रहने वाले 54 वर्षीय बलौदाबाजार के ग्राम मिडियाडीह निवासी छेदूराम दीवान पिता कुंवर सिंह दीवान तथा सांकरा के ही लोकेश राणा उर्फ टीरू पिता जगन्नाथ राणा को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। इसके अलावा दो-दो सौ रुपए के अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर एक-एक माह का सश्रम कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन के अनुसार वाल्मिकी वर्गे ने सांकरा थाना में 8 अगस्त 24 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि अलेख विशाल अपने दो साथियों के साथ उनके घर कुरमाडीह आया था और पूछा कि वशिष्ट कहां है, इस पर बताया कि वह अपने ससुराल लाटादादर गया है। इस दौरान अलेख विशाल ने बताया कि 7 अगस्त को वशिष्ट उनके घर आया था, उसे शराब पिलाया और मुर्गा भी खिलाया। वशिष्ट वही सो गया। रात्रि में वशिष्ट मोबाइल और 5 हजार रुपए लेकर भाग गए। इसीलिए वह ढूंढते मोटरसाइकिल से लाटादादर गया और वशिष्ट को अपने साथ ले गया तथा उनके साथ लाठी-डंडा से प्राणघातक वार कर चोंट पहुंचाई, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। विवेचना के दौरान आरोपियों के निशादेही पर लाठी, डंडा इत्यादि जब्त किया गया था। आरोप दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया ने तीनों आरोपियों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 191 (2) के तहत एक-एक वर्ष, धारा 191 (3) के तहत तीन-तीन वर्ष तथा धारा 103 सहपठित धारा 190 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। अभियोजन की ओर लोक अभियोजक संजय गिरि ने पैरवी की।

## खबर संक्षेप



### कार की टक्कर से दो लोग घायल

**महासमुंद।** गुरु गोविंद सिंह गार्डन के पास कार की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को जीवनलाल बंजारे वार्ड नं. 13 परसकोल ने बताया कि 03 नवंबर की शाम 6 बजे गांव के मोहन टंडन ने उसे फोन कर बताया कि आपके भाई दिलीप बंजारे और वह मोटर सायकल क्र. सीजी 06 जीएस 5373 में महासमुंद से सब्जी लेकर दोनों वापस घर परसकोल जा रहे थे। शाम करीब 05.45 बजे गुरुगोविंद सिंह गार्डन के पास बीटीआई रोड महासमुंद पहुंचने पर पीछे से आ रही सफेद कार क्र. सीजी 06 एचई 8060 के चालक अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर साइड से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है। जब प्रार्थी घटना स्थल पहुंचा, तो देखा कि उसका भाई दिलीप बंजारे और मोहन टंडन रोड किनारे गिरे हुए थे और मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हालत में था। एक्सीडेंड से दिलीप बंजारे के दाहिने घुटने, मुंह में तथा मोहन टंडन के दाहिने पैर, बांये हाथ में चोट लगी थी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्ही. एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### नेशनल हाईवे को दो घंटे जाम करने वाले ट्रक ड्राइवर के विरूद्ध अपराध दर्ज

**महासमुंद।** ट्रक को सड़क के बीच में खड़ाकर करीब दो घंटे तक जाम करने वाले आरोपी ड्राइवर के विरूद्ध पटेवा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को जितेद्र कुमार नायक ग्राम ढांक ने बताया कि वह एनएच 53 किनारे टोल प्लाजा ढांक के पास टी स्टाल का संचालन करता है। 03 नवंबर की सुबह करीबन 8 बजे वह मोटर सायकल से अपने टी स्टाल जाने के लिए घर से निकला। लेकिन, इस दौरान एनएच 53 रोड में टोल प्लाजा ढांक से करीबन 3 किलोमीटर तक वाहनों का जाम लगा हुआ था, काफी मशक्कत के बाद जब मैं करीबन 2 घंटे बाद अपने टी स्टाल में पहुंचा तो देखा कि उसकी दुकान से थोड़ी दूर में एनएच 53 के बीचो-बीच ट्रक कंटेनर क्रमांक डब्लूबी 29 ई 0541 के चालक द्वारा अपने वाहन को खड़ा कर दिया था और चिल्ला रहा था कि रात में मेरे कंटेनर से डीजल चोरी हुआ है इसलिए उसने रोड को जाम किया है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 8बी-एनएचए, 285-बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## नगर में गुरुनानक देव की निकाली गई शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत




**महासमुंद।** गुरुनानक देव की 556वीं जयंती (प्रकाश पर्व) पर मंगलवार को स्थानीय सिख समाज ने स्टेशन मार्ग स्थित गुरुतेग बहादुर गुरुद्वारा से शाम को नगर में गुरु नानक देव की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाज के लोग पारंपरिक परिधान में नजर आए। वहीं युवाओं के हैरजअंगेज प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा का चौक चौराहों पर जगह-जगह स्वागत किया गया।

### भ्रमण: नवा रायपुर के आसमान में दिखे सूर्यकिरण एरोबैटिक शो का रोमांच

# नवा रायपुर में महासमुंद जिले के 1500 छात्रों ने देखा सूर्य किरण एयरोबेटिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में राजधानी नवा रायपुर का आकाश 4 नवंबर को देशभक्ति और रोमांच से भर उठा। भारतीय वायुसेना की विश्वप्रसिद्ध सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम प्रातः 10 से 12 बजे तक अपने अद्भुत हवाई करतबों से दर्शकों को रोमांच, गर्व, उत्साह और देशभक्ति से भर दिया।

इस भव्य आयोजन में जिले के 46 स्कूलों के 1500 छात्रों के साथ शिक्षक एवं अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। सभी छात्र छात्राओं तथा टीम का स्वागत हिमांशु भारतीय जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर के टीम ने किया। राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित यह सूर्य किरण एरोबैटिक शो छत्तीसगढ़ की प्रगति, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बनेगा। जब सूर्यकिरण टीम के विमान नवा रायपुर के आसमान में उड़ान भरा तब



'बॉम्ब बर्स्ट', 'हार्ट-इन-द-स्काई' और 'एरोहेड' जैसी शानदार फॉर्मेशन्स पूरे वातावरण को रोमांच और देशभक्ति से भर दिया। यह प्रदर्शन छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा, जो यह संदेश देगा कि अनुशासन, तकनीक और टीमवर्क से हर कठिन लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। रायपुर और आसपास के जिलों से हजारों नागरिक, विद्यार्थी और परिवार इस एरोबैटिक शो को देखने नवा रायपुर पहुंचे थे। यह आयोजन जनसहभागिता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बना। 'सूर्यकिरण एरोबैटिक शो' केवल एक हवाई प्रदर्शन नहीं, बल्कि भारतीय वायुसेना के शौर्य, सटीकता और समर्पण का जीवंत उदाहरण है।

4 नवंबर को नवा रायपुर का आसमान गर्व, रोमांच और देशभक्ति के रंगों से सराबोर हुआ। सूर्यकिरण टीम का यह ऐतिहासिक शो छत्तीसगढ़ की रजत जयंती को यादगार क्षणों में दर्ज कर दिया। महासमुंद जिले के लिए गर्व की बात है इस शो में अपना अद्भुत प्रदर्शन करते हुए गौरव पटेल स्क्वाड्रन लीडर वायु सेना पिथौरा ने काकपिट से छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया का संदेश दिया। वहीं महासमुंद निवासी फाइटर पायलट विवेक कुमार साहू ने इस शो में अपना योगदान दिया है। बच्चे पुरखौती मुक्तांगन रायपुर, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम परसदा का भ्रमण किया। इस अवसर रेखराज शर्मा जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा, एन के सिन्हा, सहायक संचालक, संपा बोस एपीसी, संजय ध्रुव एपीसी, जागेश्वर सिन्हा बीआरसीसी, देवानंद नायक बीआरसीसी, रामता डे एबीईओ, हीना ढालेन, तारिका सोरी सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सामाजिक विकास में शराब सबसे बड़ी बाधा : विजय

**महासमुंद।** खट्टी परिक्षेत्र के ग्राम धनसुली में ग्राम कमेटी का गठन जिला अध्यक्ष विजय बंजारे के मुख्य अतिथि व जिला सचिव रेखराज बघेल, यूथ ब्लॉक अध्यक्ष महेश जोशी के विशेष अतिथि व खट्टी परिक्षेत्र के अध्यक्ष कृष्ण कुमार नारंग, सचिव देव कुमार जोशी के नेतृत्व में किया गया।




रेखराज बघेल ने ग्राम इकाई गठन के उद्देश्य बताते हुए कहा कि ग्रामीण पदाधिकारियों द्वारा सामाजिक सर्वे कर ब्लॉक व जिला को जानकारी देगी, जिसके अनुसार जिला स्तर पर सामाजिक विकास के लिए आर्थिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक, सामाजिक रहन सहन पर खाका तैयार कर प्रत्येक गांव स्तर पर काम किया जाएगा। विजय बंजारे ने नशापान से दूर रहकर सामाजिक रुप से संगठित रहने और समाज के हर सुख-दुख में सहयोग करने की अपील की। देवकुमार जोशी ने युवाओं को समाज से जुड़ने व रोजगार धंधा अपनाने प्रेरित किया। कृष्ण कुमार नारंग ने समाज के अपील पर गुरु घासीदास जयंती को पिछले साल सादगी से मनाने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में धनसूली ग्राम के समस्त समाजजनों की सहमति से देवकुमार जोशी द्वारा ग्राम कमेटी का गठन पद अनुसार अध्यक्ष कृपाल दास मांडले, उपाध्यक्ष मनोज बघेल, कामत कोसले, केशो डहरिया, अनिता लहरे, सचिव कौशिक कोसले, सहसचिव सोनेलाल टंडन, कोषाध्यक्ष हेमलाल कुर्रे, मीडिया प्रभारी जितेंद्र गितलहरे, प्रवक्ता फूलचंद गितलहरे, संरक्षक टोमन कोसले, सलाहकार रमेशर कोसले, महिला सदस्य कुंती ओगरे, कुमारी ओगरे, मालती कुर्रे, हेमिन टंडन का मनोनयन किया गया। आभार प्रदर्शन मेघराज ने किया।

## गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर झलप में श्रद्धा और आस्था की जगमग, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा रौशनी से नहाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

धन धनश्री गुरुनानक देव के 556वें प्रकाश पर्व को लेकर झलप नगर पूरी तरह श्रद्धा और आस्था के रंग में रंग गया है। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा झलप को रंग-बिरंगी रोशनी से खूबसूरती से सजाया गया है। रात के समय इसका नजारा देखते ही बनता है। पूरा परिसर जगमग रोशनी में नहाया हुआ है, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया है। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति द्वारा बताया गया कि 5 नवंबर 2025 बुधवार को शाम 5 बजे से गुरु ग्रंथ साहिब जी की अगवानी में पांच प्यारे की अगुवाई में विशाल नगर कीर्तन निकाला जाएगा। इस कार्यक्रम में अमृतसर, पंजाब से आये विशेष गतका पार्टी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा। यह विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस पावन अवसर पर दिनभर गुरु का अटूट लंगर जारी



रहेगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। गुरुद्वारा परिसर में की गई विद्युत सजावट और तैयारियों को देखने नगरवासी एवं श्रद्धालु लगातार पहुंच रहे हैं। प्रकाश पर्व की रौनक ने पूरे झलप को भक्ति और उल्लास से भर दिया है।

## दीपावली मिलन समारोह में शामिल हुईं विधायक चातुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

अस्सीघर संवरा समाज द्वारा आयोजित दीपावली मिलन एवं सामाजिक परिचर्चा समारोह कलेण्डा में क्षेत्र की विधायक चातुरी नंद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई।

समाज के पदाधिकारियों और वरिष्ठजनों ने विधायक चातुरी नंद का ग्राम कलेण्डा पहुंचने पर धूमधाम से स्वागत किया गया। समारोह में उपस्थित समाजजनों ने पारंपरिक वेशभूषा एवं लोक-संस्कृति से सुसज्जित कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी समृद्ध सामाजिक विरासत का प्रदर्शन किया। विधायक चातुरी नंद ने दीपावली



मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अस्सीधर संवरा समाज ने सदैव सामाजिक समरसता, भाईचारा और प्रगति की दिशा में कार्य किया, जिस प्रकार यह समाज अपनी परंपरा को संजोए रखते हुए शिक्षा, रोजगार और सामाजिक एकता के है।

क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, वह पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने आगे कहा कि समाज का उत्थान तभी संभव है जब हम सब मिलकर शिक्षा, संगठन और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दें। समाज के युवाओं को तकनीकी शिक्षा, स्वरोजगार और डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में आगे आने अपील भी उन्होंने की। विधायक चातुरी नंद ने की समाज के लोगों की एकजुटता, अनुशासन और संगठन की सराहना भी की। समाज के विकास और संगठन सुदृढ़ीकरण की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए विधायक चातुरी नंद ने अस्सीघर संवरा समाज भवन निर्माण हेतु 10 लाख की राशि देने की बड़ी घोषणा की। इस घोषणा से समाजजनों में हर्ष की लहर दौड़ गई और उन्होंने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

### विधायक का किया गया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान समाज के पदाधिकारियों ने विधायक चातुरी नंद का शाल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने समाज की महिलाओं को आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में योगदान के लिए विशेष रूप से सराहा और कहा कि हर घर में जागरूक महिला समाज परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति होती है। इस अवसर पर मोगरा किशन पटेल (अध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद), लक्ष्मी पटेल अध्यक्ष जनपद पंचायत, सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर जोगेन्दर नायक (सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर), तेजराम सिदार सारंगढ़, आनंद सरल गुरुजी पड़ीगाव, पूर्व महासचिव मुक्तेश्वर बुढेक के साथ ही 38 शाखाध्यक्षों व समाज की मातृ-शक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ संवरा समाज के ईष्ट देवी माता शवरी नारायण की पूजा अर्चना कर किया गया।

## छग सहायक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष बने रविंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर बने। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष ने रविंद्र ने कहा कि यह जीत समस्त शिक्षकों के विश्वास की जीत है, जिस विश्वास के साथ प्रदेश के शिक्षकों ने मुझ पर भरोसा किया है यकीन माने मैं उस विश्वास को टूटने नहीं दूंगा। शिक्षकों की हर छोटी बड़ी समस्या का निराकरण और मोदी की गारंटी पूरा कराना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। रविंद्र राठौर ने कहा कि संगठन का यह निर्वाचन लोकतांत्रिक प्रकिया को जिंदा रखने का एक माध्यम है, इसलिए इसमें हार और जीत की बात नहीं होनी चाहिए। क्योंकि, जितने वाला और हारने वाला दोनों ही एक ही परिवार का हिस्सा है।

राजधानी रायपुर के भामाशाह भवन में हुए प्रांतीय निर्वाचन में प्रदेश के समस्त ब्लॉक व जिले के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्षगण सहित संस्थापक सदस्यगण



मतदाता के रूप में शामिल हुए। कुल 186 मतदाताओं में से 183 मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया। जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष पद के लिए रविंद्र राठौर को 116 मत मिले। दूसरे उम्मीदवार अजय गुप्ता को 48 मत प्राप्त हुआ। तीसरे उम्मीदवार अश्वनी कुर्रे को 19 मत प्राप्त हुआ। इस प्रकार प्रदेश अध्यक्ष पद पर रविंद्र राठौर ने 68 मतों से जीत दर्ज की। उपाध्यक्ष पद के लिए देवेंद्र हरमुख, सचिव राजू टंडन एवं कोषाध्यक पद पर शेषनाथ पांडेय ने जीत दर्ज की।

महासमुंद जिलाध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर ने बताया कि फेडरेशन प्रदेश का पहला शिक्षक संगठन है, जो पूरी इमानदारी और जवाबदारी के साथ लोकतांत्रिक प्रकिया का निर्वाहन कर संगठन के ब्लाक से लेकर प्रदेश तक के पदाधिकारियों का चुनाव करता है। इसी कड़ी में सोमवार को सुबह 10 बजे से चार बजे तक मतदान का समय निर्धारित किया गया था। मतदान के तुरंत बाद मतगणना हुई। बाद परिणामों की घोषणा के साथ निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र संगठन के संयोजक मनीष मिश्रा, चुनाव आयोग के प्रभारी कौशल अवस्थी, सीडी भट्ट, रणजीत बनर्जी, सुरजीत सिंह चौहान, सिराज बक्श ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का प्रदान किया। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन प्रदेश का ऐसा संगठन है, जिसमें प्रति तीन वर्ष में संगठन का लोकांत्रिक प्रकिया से ब्लॉक से प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों का निर्वाचन कराया जाता है। इस संगठन में संगठन चुनाव के लिए पृथक से चुनाव आयोग का गठन किया गया है, जिसका कार्य निष्पक्ष संगठनात्मक निर्वाचन कराना होता है। पदाधिकारियों का कार्यकाल तीन वर्ष का होता है। निर्वाचित पदाधिकारी संगठन की रीति नीति का पालन करते हुए शिक्षक हितों के लिए कार्य करते है।

चुनाव में शामिल होने आए समस्त ब्लॉक व जिला अध्यक्षों सहित नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संगठन के चुनाव आयोग की तरफ से स्मृति चिन्ह संयोजक मनीष मिश्रा के हाथों प्रदान किया गया। निर्वाचन की प्रकिया में प्रमुख रूप से रायपुर संभाग से जिलाध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर महासमुंद, लखेश्वर वर्मा रायपुर, दौलत ध्रुव धमतरी, कुमेंद्र कश्यप गरियाबंद, मुरीत श्रीवास बलौदाबाजार, विकासखंड के अध्यक्षों में बाबूलाल ध्रुव महासमुंद, प्रकाश बघेल बागबाहरा, शरण दास बसना, गणेश चौहान सरायपाली, कमलेश नायक पिथौरा सहित समस्त संस्थापक सदस्य जिला अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष उपस्थित हुए।

## हाईस्कूल मैदान में हुआ सांसद खेल महोत्सव

### आयोजन में सांसद रूपकुमारी चौधरी बतौर मुख्य अतिथि हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

नगर पंचायत बसना के अंतर्गत हाईस्कूल मैदान में सांसद खेल महोत्सव महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। सांसद खेल महोत्सव में आदर्श हायर सेकंडरी स्कूल, स्वामी आत्मानंद स्कूल, शासकीय कन्या शाला के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। स्कूली छात्राओं द्वारा सामूहिक नृत्य में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने छात्राओं के नृत्य से खुश होकर उन्हें पुरस्कार भी दिया। आयोजन को सांसद रूपकुमारी चौधरी, डॉ एनके अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ खूश्बू अग्रवाल, सीएमओ सूरज सिदार ने भी संबोधित किया। खेल महोत्सव में शीत गुप्ता उपाध्यक्ष नगर पंचायत, पार्षद मुजम्मिल कादरी, महेंद्र सिंह अरोरा पिंटू, संगीता नायक, नरेंद्र यादव मंडल अध्यक्ष, अनिल अग्रवाल, प्रकाश जैन, अनिल साव बीआरसी, मोहित पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत के अलावा शिक्षकों, नगर पंचायत के कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

### सिरपुर में लोकसभा स्तरीय स्वदेशी मैराथन 9 को

**महासमुंद।** लोकसभा महासमुंद स्तर पर आयोजित स्वदेशी मैराथन का आयोजन आगामी रविवार 09 नवंबर 2025 को सिरपुर महासमुंद में प्रातः 8 बजे से किया जाएगा। इस मैराथन में लोकसभा महासमुंद अंतर्गत आने वाले धमतरी, गरियाबंद एवं महासमुंद जिलों के महिला एवं पुरुष धावक भाग लेंगे। खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने जानकारी दी है कि प्रतियोगिता ओपन कैटेगरी में आयोजित की जाएगी। जिसमें भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार की आयु सीमा नहीं होगी। पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए 5 किलोमीटर दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक धावकों के लिए पंजीयन पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। पुरस्कार राशि प्रथम स्थान पर 25, 000, द्वितीय 20, 000, तृतीय 15, 000, चतुर्थ 10, 000, पांचवां 7, 500 एवं छठें से दसवां स्थान प्राप्त करने पर प्रत्येक विजेताओं को 5, 000 रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। पुरस्कार राशि विजेताओं को चेक के माध्यम से प्रदाय की जाएगी। मैराथन में केवल वे प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे, जो लोकसभा महासमुंद क्षेत्र के निवासी, अध्ययनरत या कार्यरत हैं अथवा जिनका वर्तमान निवास इसी क्षेत्र में है। अन्य लोकसभा क्षेत्रों से आने वाले प्रतिभागी दौड़ में भाग तो ले सकेंगे, परंतु उन्हें पुरस्कार की पात्रता प्राप्त नहीं होगी। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रूपकुमारी चौधरी शामिल होंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिंहा, स्काउट एवं गाइड के जिला अध्यक्ष येतराम साहू, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल होंगे। आयोजन को सफल बनाने हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस, जनपद पंचायत, पीएचई, परिवहन, आदिवासी विकास, वन विभाग सहित संबंधित विभागों से सहयोग की अपील की गई है। बाहरी जिलों से आने वाले प्रतिभागियों को आवश्यकता अनुसार आयोजन पूर्व रात्रि विश्राम की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रतिभागियों को पंजीकरण के दौरान संपूर्ण जानकारी प्रस्तुत करनी होगी। यह आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिसमें स्वयं सेवी संस्थाओं का भी सहयोग रहेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वदेशी चेतना, खेल भावना को प्रोत्साहित करना है।

## खबर संक्षेप

### धान कटाई की रफ्तार बढ़ी

**नर्रा।** मोंथा तूफान के कारण पिछले सप्ताह मौसम में बदलाव से हवा के साथ बेमौसम बारिश से फसल को नुकसान जरूर हुआ है। अब बादल छटते ही अलसुबह कोहरे की चादर से क्षेत्र ढंके रहे। गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी है। लोग गर्म कपड़े, स्वेटर जैकेट का उपयोग करना शुरू कर दिया है। वहीं किसानों ने धान की कटाई हार्वेस्टर मशीन एवं मजदूर से यानी हासिया से कटाई चल रही है।

### पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च कल

**महासमुंद।** जिला प्रशासन, माई भारत तथा खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाने और एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से युवाओं की भूमिका पर विशेष ध्यान देते हुए यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा हैं। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है। भारत सरकार द्वारा 6 नवंबर 2025 को 150वीं यूनिटी मार्च की शुरुआत की गई हैं। जिसके अंतर्गत जिले में पद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिले में 8 किलोमीटर लंबी पदयात्रा होगी, जो ग्राम पंचायत बेलसोंडा से प्रारंभ होकर कस्तूरबा गांधी छात्रावास, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा, शहीद स्मारक, साईं मंदिर, ग्राम पंचायत खरोरा, त्रिमूर्ति कॉलोनी, अंबेडकर चौक होकर लोहिया चौक में समापन किया जाएगा। पदयात्रा में सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, सामाजिक संगठन, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों, खेल संघ, एनसीसी, स्काउट, रेड क्रॉस, एनएसएस, महाविद्यालय एवं विद्यालय के विद्यार्थी शामिल होंगे। आयोजन के माध्यम से स्वच्छता, नशामुक्ति प्रतिज्ञा, स्वदेशी भारत/आत्मनिर्भर भारत संकल्प, जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। देशभक्ति गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक एक वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता, संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक आयोजित किया जाएगा। नशामुक्त भारत संकल्प, स्वदेशी मेला का आयोजन, योग एवं हेल्थ शिविर, स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

### ई-रिक्शा ने बाइक को ठोंका, युवक की मौत

**रायपुर।** खमतराई थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा की ठोकर लगने से एक बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# मां विंध्यवासिनी गुड़ी की पावन धरा पर हुई बिंझवार समाज की बैठक, लिए गए कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

मां विंध्यवासिनी गुड़ी की पावन धरा पर अखिल भारतीय आदिवासी बिंझवार समाज के युवा प्रभाग (छत्तीसगढ़ ) द्वारा बैठक आहूत की गई। जिसमें प्रदेश एवं यूथ आइकॉन युवा प्रभाग के प्रदेश अध्यक्ष हेमसागर बिंझवार एवं युवा प्रभाग के कार्तिक बिंझवार द्वारा बैठक को संबोधित किया गया।

सबसे पहले समाज की कुल देवी मां विंध्यवासिनी देवी की पूजा अर्चना पारंपरिक रीति रिवाज से की गई। तत्पश्चात बैठक आरंभ हुई। जिसमें एक-एक कर सभी युवा पदाधिकारी एवं मातृशक्ति एवं युवती शक्तियों द्वारा अपना-अपना परिचय देकर अपने आपको बिंझवार समाज से अवगत करवाया। युवा प्रभा के प्रदेश अध्यक्ष हेमसागर बिंझवार ने हमारे बिंझवार समाज के रीति-रिवाज संस्कृति एवं पारंपरिक लोक नृत्य के संबंध में चर्चा परिचर्चा कर समाजजनों को बिंझवार समाज से अवगत करवाया। युवा मातृ शक्ति ने भी अपना परिचय देकर समाज को आगे बढ़ाने के विषय में अपना-अपना विचार समाज प्रमुख जनों के समक्ष रखा। बिंझवार समाज के लोगों को कैसे आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जा सके, शिक्षा स्तर पर हमारे लोगों को कैसे जागरूक किया जाए। और कैसे परस्पर सहयोग द्वारा समाजिक विकास को आगे बढ़ाया जा सके, इस विषय वस्तु पर महत्वपूर्ण चर्चा करके सामाजिक बैठक को सफल बनाया।



बैठक में छत्तीसगढ़ युवा प्रभाग के प्रदेश अध्यक्ष हेमसागर बिंझवार, युवा प्रभाग के कार्तिक बिंझवार, खिलेश बरिहा खेल विभाग के जनरल सेक्रेटरी, युवा प्रदेश सचिव संजय बरिहा, युवा प्रभाग दयाराम बरिहा, संरक्षक बिंझवार समाज गजेंद्र बरिहा, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष दशरथ बरिहा, सलाहकार संतु बरिहा, परशु बरिहा, तारा चंद बरिहा, रूपचंद बरिहा, रामदयाल बिंझवार प्रदेश महासचिव, जय रतन बरिहा संचालक देवरीराज, योगेश्वर बरिहा, जितेंद्र बरिहा, शिवकुमार बरिहा उपाध्यक्ष, उत्तरा बरिहा कोषाध्यक्ष, द्वारका बरिहा संरक्षक, प्रमोद बरिहा अध्यक्ष, शंकर बिंझवार ब्लॉक अध्यक्ष, कृष्ण लाल बरिहा, प्यारेलाल बरिहा, धोबाराम बरिहा, संजय बरिहा कोड़ोपाली, रितेश बरिहा पुजारी पाली, कृष्णा बरिहा बरेकेल खुर्द, राकेश कुमार बरिहा राजासवैया खुर्द, गौतम बढ़िया सिँघूपाली, भूपेंद्र बरिहा, संजू बरिहा, सुरेश बरिहा, सुरजोत बरिहा, रामो बरिहा, लक्ष्मण बरिहा, कुंवर बरिहा, रंजीत बरिहा, गजेंद्र बरिहा, शालेश्वर बरिहा, रतीराम बरिहा, उत्तर कुमार बरिहा, सुरेंद्र बरिहा, पुष्पराज बरिहा, आनंद बरिहा, विनोद बरिहा, मनोज कुमार बरिहा, जुगेश्वर बरिहा, कीर्तन बरिहा, खगेश्वर बरिहा जम्हारी, कन्हैयालाल बरिहा दुर्ग पाली, परमानंद बरिहा, रामपुर वृषभ रामपुर, परमानंद बरिहा रामपुर, प्रतिव बिंझवार नदी चरोदा, अहिल्या बरिहा डोंगरी पाली, ताराबाई बरिहा राजाडेरा नरबाई बरिहा नयापारा कला आदि मौजूद रहे।

## बैठक : कलेक्टर विनय लंगेह ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

# खरीदी केंद्रों में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न आए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ कलेक्टर ने धान खरीदी, विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, सद्भावना यात्रा की तैयारियों के लिए दिए महत्वपूर्ण निर्देश

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक सुबह 10 बजे आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभाग के जिला अधिकारी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित वीसी के माध्यम से सभी ब्लॉक स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री घोषणा, धान खरीदी, विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, सद्भावना यात्रा की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कलेक्टर विनय लंगेह ने अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

कलेक्टर लंगेह ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए सभी ईआरओ को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं जारी समय सारणी के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर-घर सत्यापन किया जाना है। सभी बीएलओ को प्रशिक्षण में दिए गए जानकारी एवं निर्देशानुसार सजगता से पात्र मतदाताओं का



गणना पत्रक भरकर संग्रहित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य पात्र मतदाताओं को शामिल करना तथा अपात्र मतदाता को हटाना है। प्रशिक्षण में बताए गए बिंदुओं के आधार पर बीएलओ कार्य करें।

बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 15 नवंबर से धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्रों में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न आए, इसके लिए धान खरीदी नीति के 29 बिंदुओं की चेक लिस्ट के अनुसार सभी तैयारियां पूर्व से सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर ने कहा कि किसानों की खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी और सहज बने, इसके लिए सीसीटीवी कैमरों को चालू स्थिति में रखा जाए तथा निगरानी टीमों द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। खरीदी केंद्रों में आवश्यक संसाधन, तोल उपकरण, मिलान पर्ची व्यवस्था, ऑनलाइन एंट्री, और तौल-प्रक्रिया को समय पर पूर्णता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिले के सभी 16 चेक पोस्टों के माध्यम से धान की आवक और अवैध परिवहन पर कड़ी नजर रखी जाएगी। जिन अधिकारियों की ड्यूटी तय की गई है, वे तैनात रहकर सतत निगरानी करें और यदि अवैध परिवहन करते वाहन पाए जाएं तो तत्काल सीज कर प्रकरण दर्ज किया जाए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को अपने-अपने केन्द्रों का निरीक्षण करने टोकन की जानकारी, स्टेकिंग आदि की जानकारी रखने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने कलेक्टर कांफ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन के लिए अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी शासन की मंशानुरूप आम जनता के हितों के लिए संवेदनशीलता एवं गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन के केंद्र में समाज के अंतिम व्यक्ति और जरूरतमंद व्यक्ति हो यह हमेशा ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि कार्यालय में अनुशासन हो और समय पर कार्यालय खुले। सप्ताह के प्रथम दो दिवस अधिकारी कार्यालय में उपस्थित रहें और आम जनता से मिले। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप विभागवार समीक्षा की।

कलेक्टर लंगेह ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों के आधार आईडी निर्माण के लिए शिविर आयोजित किए जाएं। ताकि, किसी भी छात्र को शैक्षणिक योजनाओं के लाभ से वंचित न रहना पड़े। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि अपार आईडी के लिए शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आवश्यक दस्तावेज साथ रखने के लिए सभी बीईओ को निर्देशित किया है। उन्होंने आबकारी विभाग को निर्देशित किया कि अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय पर प्रतिबंध लगाने सतत निगरानी करते हुए कार्रवाई करें।



### सिरको में मनाया गया आंवला नवमी का पर्व

**बसना।** ग्राम सिरको में आंवला नवमी का पर्व बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। यह पर्व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने और आंवले के वृक्ष की पवित्रता का सम्मान करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। पूजन कार्यक्रम में पुजारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर महिलाओं ने सपरिवार आंवले के वृक्ष के नीचे भोग चढ़ाया और भगवान विष्णु की पूजा कर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। ग्रामीणों ने सामाजिक सौहार्द के वातावरण में एक साथ त्यौहार मनाया। बच्चों से लेकर वयस्कों तक सभी ने पूजा में भाग लिया और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आंवला नवमी का पर्व हुआ। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा है बल्कि यह प्रकृति संरक्षण और परिवारिक एकता का संदेश भी देता है।

### पेंशनर्स के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट की सुविधा पहुंचा रहा डाक विभाग

**पिथौरा (ग्रामीण)।** डाक विभाग के इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से इस वर्ष भी पेंशनरों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा प्रदान की जा रही है। यह सेवा पेंशनभोगियों के लिए एक बायोमेट्रिक सक्षम डिजिटल प्रणाली है, जिसके जरिए वे घर बैठे या नजदीकी डाकघर जाकर अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। केंद्र, राज्य सरकार या किसी भी सरकारी संगठन से पेंशन प्राप्त करने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारी इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। वृद्ध पेंशनरों के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन कठिन होने की स्थिति में अब चेहरा प्रमाणीकरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन जारी रखने के लिए प्रत्येक पेंशनभोगी को अधिकृत बैंक या डाकघर में जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होता है। पहले इसके लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना पड़ता था, लेकिन अब इस डिजिटल सेवा से यह प्रक्रिया बेहद आसान हो गई है। पेंशनभोगी चाहे तो निकटतम डाकघर जाकर या आईपीपीबी की डोरस्टेप बैंकिंग सेवा के माध्यम से भी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जनरेट कर सकते हैं। यह सुविधा उन सभी पेंशनभोगियों के लिए उपलब्ध है, चाहे उनका खाता किसी भी बैंक में हो। संख्या अधिक होने पर यह सेवा कैंप के माध्यम से भी प्रदान की जा सकती है। इसके लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, महासमुंद कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। सेवा का शुल्क मात्र 70 रुपए निर्धारित किया गया है।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक कल

**महासमुंद।** पेंशनधारी कल्याण संघ जिला महासमुंद के कार्यालय सहायक बीआर ध्रुव ने बताया कि संघ की मासिक बैठक 6 नवंबर को 2 बजे होगी। इस बैठक में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी प्रमुख रूप से शामिल होंगे। बैठक में नए सदस्यों का सम्मान, ऐसे सदस्य जिनका नवंबर में जन्मदिन है, उनका जन्मदिन मनाना, प्रत्येक वर्ष नवंबर माह में भरे जाने वाले जीवन प्रमाण पत्र के संबंध में जानकारी, दिसंबर 2025 में बलौदा बाजार जिले में होने वाले पेंशनर दिवस में जाने वालों की सूची, पेंशनधारी कल्याण संघ के पूर्व अध्यक्ष नारायण लाल चंद्राकर की प्रथम पुण्यतिथि में श्रद्धांजलि दी जाएगी। उन्होंने संघ के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को बैठक में शामिल होने की अपील की है।



# छत्तीसगढ़ की परंपरा की पहचान है मड़ई मेला: द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि मड़ई मेला, छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा की पहचान है। हम सभी को इस सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखना होगा।

विधायक यादव राज्योत्सव पर कोमाखान में बस स्टैंड दुर्गा समिति द्वारा आयोजित मंडई मेला उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर, नगर पालिका महासमुंद के अध्यक्ष निखिलकांत साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष तेजन चंद्राकर, कोमाखान सरपंच जमा बाई ठाकुर, सुनील जैन, राजू जैन, प्रदीप यादव, वाजिद खान, रवि केसरवानी, सतीश वाजपेई, रूपेश साहू, अयान खान, ललित जैन, बबलू केसरवानी, कार्तिक देवांगन मौजूद थे। पूजा अर्चना पश्चात विधायक यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि यादव ने मड़ई मेला, छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा की पहचान है। मड़ई मेला छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर है। हम सभी को इस सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखना होगा। विधायक यादव ने क्षेत्रवासियों को राज्योत्सव की बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ निर्माण के लिए हमारे पूर्वजों ने काफी संघर्ष किया है। इस दौरान भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी ग्रामीणों ने लुत्फ उठाया।

# महंगी बिजली दर के विरोध में आम आदमी पार्टी ने किया धरना-प्रदर्शन

## पानी हमारा, कोयला हमारा, जमीन हमारी, उत्पादन हमारा तो बिजली महंगी क्यों?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ अत्यधिक महंगी बिजली जनता का शोषण और पूँजीपतियों कों लाभ देने का सरकारी षड्यंत्र

आम आदमी पार्टी द्वारा बिजली दर की वृद्धि के विरोध में जिला महासमुंद कलेक्टर कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी महासमुंद के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने बताया कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार आम जनता की परेशानी को नज़र अंदाज कर रही है। छत्तीसगढ़ की जनता अनाप शनाप बिजली के बिलों से त्रस्त हो चुकी है। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा जनता को हो रही इन परेशानियों पर आज विशाल धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर/एसडीएम द्वारा कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ एक बिजली सरप्लस राज्य है, आम जनता को सस्ती बिजली मिलने के बजाय बिजली महंगी करना समझ से परे है। कहा जा रहा है कि वितरण कंपनी को घाटा हो रहा था, इस कारण बिजली दर बढ़ाई गयी है।



सरकार जानबूझकर गलत डाटा पेश कर रही है। सरकार भ्रष्टाचार कर रही है, निजी उद्योगपतियों से बिजली खरीदने का और उनको फायदा पहुंचाने की नीति है।

सरकार वितरण कंपनी की लागत कम करें। पानी हमारा, कोयला हमारा, जमीन हमारा, उत्पादन हमारा तो रेट ज्यादा क्यों? सरकार लाइन लॉस 15-20 प्रतिशत बताती है। जबकि 3 प्रतिशत से ज्यादा लाइन लॉस नहीं होता है। वहीं बड़े-बड़े व्यापारियों का, नेताओं का करोड़ों बिजली बिल बकाया है। उनसे वसूली ना कर सरकार गरीब लोगों को परेशान कर रही है। बिल में हर माह ऊर्जा प्रभार के साथ अनेक गैरजरुरी चार्ज लिए जातें हैं। विद्युत कंपनी छत्तीसगढ़ की जनता की जेब काटने का काम कर रही है।

आम आदमी पार्टी द्वारा 4 नवंबर 2025 को प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन के जरिये इस बिजली दर वृद्धि का विरोध करती है।

पार्टी द्वारा पूर्व में भी 3 जुलाई 2025 को बढ़ी हुई बिजली दरों पर सरकार को ज्ञापन दिया था और धरना प्रदर्शन किया था। किंतु सरकार ने अब तक मांग नहीं मानी, इसलिए आम आदमी पार्टी सरकार से पुनः मांग है कि आम जनता के हितों को देखते हुए यह बढ़ी हुई बिजली दर कम करें। यदि सरकार बढ़ी हुई बिजली दर को वापिस नहीं लेती है तो आने वाले समय में आम आदमी पार्टी आम जनता के हितों के लिए इससे भी बड़ा आंदोलन पूरे प्रदेश में करेगी। घेराव प्रदर्शन में महासमुंद जिलाध्यक्ष राकेश झाबक, संजय यादव प्रदेश संयुक्त सचिव, मधु यादव जिला सचिव, मोहन साहू जिला सचिव, पुनाराम निषाद जिला उपाध्यक्ष, कोमल सिंह खुसरो जिला सचिव, जितेंद्र साहू, तुलाराम ध्रुव ब्लाक उपाध्यक्ष, सुरेश ध्रुव ब्लाक सचिव आदि उपस्थित रहे।

### आयोग अध्यक्ष का किया स्वागत



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष बिसेसर पटेल का नगर आगमन पर पार्षद धनेंद्र विक्की चंद्राकर ने स्वागत किया।

# कलेक्टर ने जन चौपाल में मिले 48 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त 48 आवेदनों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।

जन चौपाल में ग्राम साराडीह की पूनम साहू ने आगे की शिक्षा ग्रहण करने के लिए राष्ट्रीय प्रतिभा खोज अंतर्गत प्रोत्साहन राशि बाबत आवेदन किया। इसी तरह ग्राम भलेसर महासमुंद निवासी चंदन लाल साहू ने नोनी सुरक्षा योजना से संबंधी समस्या के निराकरण के लिए आवेदन, ग्राम छिलपावन निवासी कुशंती बाई ने ऋण की अवैध वसूली पर रोक लगाने, ग्राम ढाबाखार पिथौरा निवासी चंद्रमणि सिदार ने सीसी रोड निर्माण, ग्राम घोंच पिथौरा निवासी गौरसिंग ने मुआवजा राशि दिलाने के लिए आवेदन किए।

इसके अलावा पीएम जन धन योजना, भौतिक सत्यापन, हैंडपंप स्थापना, अवैध कब्जा, लंबित भुगतान, अनुदान राशि प्रज्ञा करने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### दीक्षांत बने सीए

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा निवासी दीक्षांत चंद्राकर के सीए बनने पर ग्रामीणों में हर्ष है। केआर चंद्राकर, शिक्षक मेमन चंद्राकर, शिक्षक ओमप्रकाश चंद्राकर, शिक्षक मंजू चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, अशोक चंद्राकर, रश्मि चंद्राकर, संतोष चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, भीखम, अनीता चंद्राकर ने हर्ष जताया है।

### दीपावली मिलन समारोह 7 को

**महासमुंद।** स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में 7 नवंबर शुक्रवार को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सायंकाल 04:30 बजे से जय गणेश कीर्तन तत्पश्चात महामंत्र का सामूहिक संकीर्तन, 5 बजे से 07:30 बजे तक भजन-कीर्तन व आरती पश्चात समापन होगा। उक्ताशय की जानकारी तारेंद्र चंद्राकर ने दी है।

### सैनिक परिवारों के लिए 10 हजार 250 रुपए का आर्थिक सहयोग

**महासमुंद।** देश की रक्षा में सरहद पर कर्तव्य निभाते हुए शहीद हुए सैनिकों एवं विभिन्न युद्धों में घायल एवं अपंग हुए सैनिकों तथा उनके परिवारों की आर्थिक सहायता के लिए महर्षि विद्या मंदिर मचेवा के छात्र-छात्राओं ने प्रशंसनीय पहल की है। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति भावना से प्रेरित होकर कुल 10 हजार 250 रुपए की सहायता राशि एकत्रित की गई। विद्यालय प्राचार्य द्वारा बताया गया कि विद्यार्थियों से प्राप्त कुल धनराशि 10 हजार 250 रुपए का दो नग डिमांड ड्राफ्ट तैयार किया गया। उक्त दोनों डिमांड ड्राफ्ट को विशेष वाहक हेमप्रकाश निर्मलकर, सहायक वर्ग-3 के माध्यम से संबंधित कार्यालय को प्रेषित किया गया है।



### संकुल केंद्र अमलोर में हुई समीक्षा बैठक

**महासमुंद।** संकुल केंद्र अमलोर में विभागीय समीक्षा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संकुल प्रभारी घनश्याम ठाकुर, समन्वयक जोगेंद्र कुमार गिलहरे ने किया। बैठक में कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं परीक्षा परिणाम कार्ययोजना, अपार आईडी, जाति प्रमाण पत्र, निर्माण कार्य की समीक्षा, पीजेआई, यूडाइस एंट्री, दिव्यांग बच्चों की जानकारी, एफएलएन मेला पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में संकुल केंद्र के सभी प्रधानपाठक पीपी पांडेय, गैंदू ध्रुव, बाबूलाल ध्रुव, खुमान ध्रुव, हृदय ध्रुव, लखन साहू, अशोक ध्रुव, प्रकाश तांडी, रामकिशन निषाद, मेष कुमार, चंद्रकांत चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

---

**राज्योत्सव : दूसरे दिन कलेक्टर ने लिया स्टालों का निरीक्षण, सांस्कृतिक संध्या में झलकी छग की समृद्ध परंपरा**

# राज्योत्सव केवल उत्सव नहीं, बल्कि जनहितकारी योजनाओं के प्रभाव और छग की समृद्ध संस्कृति का प्रतिबिंब: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें स्थापना दिवस रजत जयंती महोत्सव पर जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में जारी तीन दिवसीय राज्योत्सव उत्साह और उल्लास के बीच मनाया जा रहा है। सोमवार को राज्योत्सव के दूसरे दिवस पर कलेक्टर विनय लंगेह ने विभागीय स्टालों का निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली और उनके बेहतर प्रदर्शन की सराहना की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू तथा एसडीएम अक्षा गुप्ता भी उपस्थित रहीं।

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि राज्योत्सव केवल उत्सव नहीं, बल्कि जनहितकारी योजनाओं के प्रभाव और छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति का प्रतिबिंब है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नागरिकों को योजनाओं की जानकारी सरल और व्यवहारिक ढंग से उपलब्ध कराएं। ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें।

### लोक संस्कृति और नशामुक्ति पर जागरुकता का संगम

सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वल्लभाचार्य शासकीय महाविद्यालय महासमुंद के छात्रों ने नशा मुक्ति विषय पर प्रस्तुत कार्यक्रम ने लोगों को नशे से दूर रहने का सशक्त संदेश दिया। वहीं कमार जनजाति दल ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा, लोक नृत्य और रीति-रिवाजों के साथ मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसने छत्तीसगढ़ की लोक-संस्कृति की झलक पेश की। रेड क्रॉस की टीम ने सीपीआर से संबंधित संदेश दिया। महिला बाल विकास विभाग ने कुपोषण से संबंधित लघु नाटक प्रस्तुत किया जिसमें कुपोषण से निपटने प्रभावी संदेश दिया।



### कमार जनजाति के दल ने दी पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति

शाम 4:30 से 5 बजे तक कमार जनजाति के पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति हुई, जिसके बाद शाम 5 से 7:45 बजे तक विभिन्न लोक नृत्य दलों ने मंच पर अपनी संस्कृति का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति रात 8 से 9:30 बजे तक फोक फ्यूजन 36 बैंड द्वारा दी गई।

### लोकहितकारी योजनाओं से बदले जीवन

मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार की योजनाएं समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने नागरिकों से योजनाओं का लाभ लेने और दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील की।



### अंतरजातीय विवाह योजना

छत्तीसगढ़ अस्पृश्यता निवारणार्थ अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना ने सामाजिक समरसता की दिशा में नई मिसाल कायम की है। इस अवसर पर आठ अंतरजातीय दंपत्तियों मुकेश कुमार बघेल एवं जुगेश्वरी साहू, लोकेश एवं भूमिका साहू, भीष्मदेव खुटे एवं शालिनी यादव, अभिलाष आवड़े एवं खिलेश्वरी निषाद, नागेंद्र एवं रमा तथा रूपेश कुमार बंजारे एवं कुसुमलता साहू को ढाई लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। लाभार्थियों ने शासन और प्रशासन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस सहयोग ने उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया है और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान किया है।

### छात्रवृत्ति से नई उमंग

कार्यक्रम में अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों दिलेश तलक, चांदनी जांगड़े, अनीता जांगड़े, प्रमोद कुमार साव एवं भूमिका साहू को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान की गई। विद्यार्थियों ने कहा कि इस सहायता से उनके परिवार का आर्थिक बोझ कम हुआ है और उच्च शिक्षा प्राप्त करने का नया उत्साह मिला है।

### बहुउद्देशीय केंद्रों से विकास की नई रोशनी

प्रधानमंत्री योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए ग्राम धनसुली (महासमुंद) और जोरातराई (बागबाहरा) में नव-स्थापित बहुउद्देशीय केंद्रों का शुभारंभ किया गया है। इन केंद्रों में स्वास्थ्य सेवाएं, आंगनबाड़ी सुविधाएं और कौशल विकास प्रशिक्षण एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। यह दूरस्थ समुदायों के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

### विभागीय स्टालों में योजनाओं की झलक

स्टालों में छात्रावास/आश्रम, मुख्यमंत्री बाल भविष्य योजना अंतर्गत प्रयास परीक्षा, एकलव्य आवासीय विद्यालय, जवाहर उत्कर्ष भर्ती परीक्षा, बीएससी नर्सिंग व होटल मैनेजमेंट प्रशिक्षण, ट्राइबल यूथ हॉस्टल, अत्याचार निवारण, अंतरजाातीय विवाह एवं वन अधिकार मान्यता जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई। इन प्रदर्शनियों के माध्यम से नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी और मार्गदर्शन एक ही स्थान पर प्राप्त हो रहा है।

---

# छत्तीसगढ़ को नया विस भवन मिलना प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि : भाऊराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव पर

- 51 एकड़ में फैला है छत्तीसगढ़ का नया विधानसभा भवन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन का उद्घाटन किए जाने पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भाऊराम साहू ने इसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि बताया है। छत्तीसगढ़ का नया विधानसभा भवन 51 एकड़ में फैला है। इसे 324 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। नया विधानसभा भवन सिर्फ एक इमारत नहीं है, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान और प्रगतिशील भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में प्रदेश निरंतर प्रगति की नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि प्रदेश के



सतत विकास के साथ ही राज्य शासन द्वारा जनकल्याण की दिशा में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि, जनजातीय समाज, महिलाएं और युवा वर्ग सशक्त हो रहे हैं। बीते वर्षों में छत्तीसगढ़ ने विकास की एक ठोस नींव रखी है। यहां की सांस्कृतिक पहचान, प्राकृतिक संपदा और मेहनती जनता इस राज्य की सबसे बड़ी पूंजी हैं। कृषि प्रधान राज्य छत्तीसगढ़ में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य सरकार किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए धान की खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल की दर से कर रही है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, वहीं जरूरतमंद परिवारों के लिए आवास निर्माण और महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन पहलों से प्रदेश विकास की नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर है। सरकार और सुरक्षाबलों के संयुक्त प्रयासों से बस्तर, लाल आतंक से मुक्ति की ओर बढ़ रहा है।

---

# जिला सहकारी बैंक कर्मचारियों की हड़ताल का विधायक ने किया समर्थन

## आंदोलनरत कर्मचारियों ने की खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारियों की हड़ताल का समर्थन किया है। उन्होंने आंदोलनरत कर्मचारियों की मांगों को जायज बताते हुए प्रदेश सरकार का ध्यानाकर्षित कराने का आश्वासन दिया।

यहाँ यह बताना लाजिमी होगा कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर पिछले 29 अक्टूबर से आंदोलन किया जा रहा है। जिला सहकारी बैंक कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक कार्यालय पहुंच कर विधायक द्वारिकाधीश यादव से मुलाकात की।



इस दौरान पदाधिकारियों ने विधायक यादव को बताया कि संघ की प्रमुख मांगों में लंबित वेतन वृद्धि मांग पूरी करने की मांग है। कर्मचारी ने बताया कि इसके लिए हम सालों से लड़ रहे हैं। इसके बाद भी हमारा वेतन नहीं बढ़ाया जा रहा है। पदाधिकारियों ने बताया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के सेवायुक्तों को वर्ष 2021 से देय वार्षिक वेतनवृद्धि की स्वीकृति अनेक पत्राचार और वांछित जानकारियां प्रस्तुत करने के बाद भी प्रदान नहीं की गई है, जिस पर उन्हें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। विधायक यादव ने उनके आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि बैंक के माध्यम से केंद्र और राज्य शासन की महत्वकांक्षी योजना समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं राशि भुगतान, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, किसानों को नगद खाद, बीज, दवाई सहित विभिन्न महत्वपूर्ण शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है। कर्मचारियों की मांग जायज है और वार्षिक वेतनवृद्धि कर्मचारियों का मौलिक अधिकार है। उन्होंने उनकी मांगों की ओर प्रदेश सरकार का ध्यानाकर्षित कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से नरेंद्र कुमार ठाकुर कोमाखान शाखा प्रबंधक, सेवकराम चंद्राकर मुनगाशेर शाखा प्रबंधक, प्रेमलाल सिन्हा बागबाहरा शाखा प्रबंधक, गिरधारी दीवान तेंदूकोना व पन्नालाल सेन मुनगाशेर आदि मौजूद रहे।

---

# मुनगासेर में मनाया गया कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव : अंकित

## मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या में आदर्श ग्राम मुनगासेर के यादव पारा में कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमें गरियाबंद जिले से रंग सागर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

अंकित ने बताया कार्यक्रम की शुरुआत से ही सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद थे। स्वागत, आतिशबाजी, पुष्पमाला, गुलाल से होने पश्चात अपने मुख्य अतिथि उद्बोधन में अंकित बागबाहरा ने सबसे पहले समस्त भगवान और देवी देवताओं



का जयकारा लगवाया। साथ ही कहा कि कार्तिक पूर्णिमा मनाने के कई कारण बताए जाते हैं, जिसमें इसे देवताओं की दिवाली या देव दिवाली भी कहा जाता है। इसी प्रकार इस दिन भगवान भोले शंकर ने त्रिपुरासुर राक्षस का वध किया था। साथ ही गुरु नानक देव के जन्मोत्सव के रूप में भी इसे मानते हैं। अंकित ने अपने उद्बोधन में हाल फिलहाल में मुनगासेर में हुई घटना की निंदा करते हुए कहा कि गाय हमारी माता है, जिसे राज माता का दर्जा दिलाने लड़ाई लड़ी जा रही है। भाई आदेश सोनी अपनी उंगली तक काट देता है और लगातार संघर्षरत है, ऐसे में जो घटनाएं सुनने में आ रही है वो क्षम्य नहीं है। और किसी को भी ये अधिकार नहीं है कि वो हमारी धार्मिक मान्यताओं से खिड़वाल कर सके।

साथ ही अंकित ने मुनगासेर सड़क को लेकर भी शीघ्र आंदोलन शुरू करने की बात हुई, और कार्यक्रम को शांति से और सफल बनाने का आह्वान हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच लता राजू चंद्राकर, तुलसीराम पटेल, कोमल साहू, राजू यादव, मेघनाथ सबर, खोमन साह, इंद्र ठाकुर, देवसिंग ठाकुर, जगन्नाथ जलक्षत्री, बालेश्वर यादव, लोचन यादव, गोविंद सबर, विश्वनाथ यादव, तेजन यादव, फेकश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

---

# नपाध्यक्ष ने किया फिल्टर प्लांट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बेलसोंडा स्थित 17 वर्ष पुराने वाटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई मशीनें व उपकरण जर्जर अवस्था में पाई गई। मशीनें जर्जर होने के कारण जल शोधन प्रक्रिया प्रभावित होने की बात सामने आई। जिस पर साहू ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल मशीनों को दुरुस्त करने निर्देशित किया। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि मरम्मत योग्य मशीनों का मरम्मत कराए तथा आवश्यकता पड़ने नई मशीनों की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि नगरवासियों को साफ व शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना नगर पालिका का प्रथम कर्तव्य है। यहां की पानी को फिल्टर करने व उसके



शुद्धिकरण की पूरे प्रक्रिया महत्तवपूर्ण है, इसे प्राथमिकता में लेते हुए सावधानीपूर्वक फिल्टर करें। उन्होंने प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों को पानी की शुद्धिकरण सावधानी पूर्वक करने की बात कही। साथ ही एलम, ब्लीचिंग पावडर की स्टॉक भरपूर मात्रा में रखने अधिकारियों को निर्देशित किया तथा बिना अनुमति के किसी भी बाहरी व्यक्तियों को प्रवेश न करने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान शाहबाज राजवानी, जल विभाग प्रभारी दुर्गेश कुंजेकार आदि मौजूद रहे।

---

# खो-खो खेल प्रतियोगिता में ब्लू, ग्रीन एवं यलो हाउस की टीम रही विजयी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इंटर हाउस दो दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

खेल की शुरुआत शाला के प्राचार्य रेव्ह. फादर देवानंद बाघ की शुभकामनाओं के साथ शुरू हुई।इस खेल प्रतियोगिता में जूनियर बालक वर्ग में ब्लू हाउस एवं यलो हाउस की टीम सेमी फाइनल खेलकर फाइनल राउंड में पहुंचे, जिसमें ब्लू हाउस की टीम विजेता रहे। सीनियर बालक वर्ग में फाइनल राउंड में पहुंचे ब्लू हाउस एवं यलो हाउस के बीच हुई प्रतियोगिता में यलो हाउस



ने ब्लू हाउस की टीम को परास्त कर दिया। इसी प्रकार बालिका वर्ग में ब्लू हाउस एवं ग्रीन हाउस के बीच हुई प्रतियोगिता में ब्लू हाउस विजयी रही।

इसी क्रम में प्राइमरी विभाग से बालिका वर्ग में ग्रीन एवं रेड हाउस के बीच खेले गए मैच में ग्रीन हाउस ने रेड हाउस को मात दे दी। बालक वर्ग में ब्लू और यलो के बीच खेले गए मैच में ब्लू हाउस की टीम ने बाजी मार ली। यह खेल अत्यंत मनोरंजक रहा। जिसका आनंद विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उठाया।इस खेल में खेल प्रभारी छन्नूलाल साहू का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।



